Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include Supaul district of Bihar in Aspirational Districts Programme.

दिलेश्वर कामैत (सुपौल): मेरा संसदीय क्षेत्र सुपौल(बिहार) बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है । बाढ़ के कारण यह अन्य जिलों से विकास के मुकाबले बहुत पिछड़ा हुआ है। 2006 में पंचायती राज मंत्रालय ने सुपौल को देश के सबसे पिछड़े जिले के रूप में नामित किया था, एवं यह जिला पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि कार्यक्रम (बीआरजीएफ) से धन प्राप्त कर रहा था । केंद्र सरकार द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम को 2018 में शुरू किया गया, इस योजना का मकसद देश के बहुत पिछड़े जिलों के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के साथ समावेशी विकास सुनिश्चित करना है. परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र को इस कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं लिया गया जबकि आसपास के बाढ़ ग्रस्त जिलों को सम्मिलित किया गया है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि सुपौल जिले को भी आकांक्षी जिला कार्यक्रम में चयनित किया जाए जिसके माध्यम से योजना अंर्तगत मिलने वाले लाभों से क्षेत्र का विकास किया जा सके ।